संख्या-04/2016/48/22-4-16-119(ब)2000टीसी-8(ए)

प्रेषक,

आर0के0 द्विवेदी,
विशेष कार्याधिकारी,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 18 जनवरी, 2016

विषय- जिला कारागार सोनभद्र, जनपद न्यायालय बागपत, आजमगढ़, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय गोण्डा, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय कन्नौज, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर, उप कारागार एवं जनपद न्यायालय ज्ञानपुर, जनपद न्यायालय बस्ती के वीडियो कान्फ्रेन्सिंग कक्षों के निर्माण कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्गत मूल स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-50352/नम-2 टी0सी0, दिनांक- 30 दिसम्बर,2015, पत्र संख्या-49754/नम-2 टी0सी0, दिनांक- 17 दिसम्बर, 2015, पत्र संख्या- 417/नम-2 टी0सी0, दिनांक- 05 जनवरी, 2016 के संदर्भ में एवं शासनादेश संख्या-91/2015/402/22-4-15-119(ब)/2000टीसी-8(ए), दिनांक-29.03.2015 तथा शासनादेश संख्या-130/2015/615/22-4-15-119(ब)/2000टीसी-8(ए), दिनांक-24.06.2015के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय जिला कारागार सोनभद्र, जनपद न्यायालय बागपत, आजमगढ़, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय गोण्डा, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय कन्नौज, जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर, उप कारागार एवं जनपद न्यायालय ज्ञानपुर, जनपद न्यायालय बस्ती के वीडियो कान्फ्रेन्सिंग कक्षों के निर्माण कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निम्न तालिका में उल्लिखित विवरणानुसार अवशेष रू0 1,98,74,700/-(रूपया एक करोड़ अठ्ठान्नवे लाख चौहत्तर हजार सात सौ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0	कारागारों/जनपद न्यायालयों के नाम जहाँ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग कक्षों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।	मूल स्वीकृत लागत	स्वीकृत धनराशि	अवशेष/प्रस्तावित धनराशि
1	2	3	4	5
1	जिला कारागार सोनभद	25.84	12.92	12.92
2	जनपद न्यायालय बागपत	43.50	21.75	21.75
3	जनपद न्यायालय आजमगढ़	43.50	21.75	21.75
4	जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय गोण्डा	69.34	34.183	35.157
5	जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय कन्नौज	69.34	34.67	34.67
6	जिला कारागार एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर	69.34	34.67	34.67
7	उप कारागार एवं जनपद न्यायालय ज्ञानपुर भदोही	69.34	34.67	34.67
8	जनपद न्यायालय बस्ती	43.50	21.75	3.16
	योग-	**390.20**	**194.613**	**198.747**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) स्वीकृत धनराशि का व्यय हस्त पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(3) लेबरसेस की धनराशि का भुगतान श्रम विभाग को किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2016 तक कर लिया जाय।

(6) कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के संपरीक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायं।

2- प्रश्नगत योजना की मूल स्वीकृति विषयक शासनादेशों दिनांक 29.03.2015 एवं 24.06.2015 में उल्लिखित शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

3- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-16- प्रदेश की कारागारों एवं जनपद न्यायालयों में वीडियो कान्फ्रेसिंग प्रणाली की स्थापना-24-वृहत निर्माण कार्य" के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वहन किया जायेगा तथा उक्त लेखाशीर्षक/मद के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक- 30 मार्च, 2015 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0 द्विवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या- 04/2016/48(1)/22-4-16-तद्दिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(2) महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(3) प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

(4) प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

(5) जिलाधिकारी, सोनभद्र, बागपत, आजमगढ़, गोण्डा, कन्नौज, बलरामपुर, भदोही एवं बस्ती।

(6) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(7) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

(8) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय, लखनऊ।

(9) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2

(10) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0के0 द्विवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in